# लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

## बिहार, पटना।

## कोटेशन आमंत्रण सूचना

कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– ........882 /पटना दिनांक– 16/12/25

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना (मुख्यालय) के व्यवहारार्थ अभिलेखों/कागजातों की छायाप्रति कलर फोटोकॉपी एवं स्पाईरल बाईडिंग हेतु इच्छुक रजिस्टर्ड कम्पनी/एजेन्सी से मुहरबंद लिफाफे में दिनांक–06.01.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण www.phed.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

**कोटेशन की शर्तें एवं बन्धेज निम्नवत् है :–**

1. कम्पनी/फर्म/एजेन्सी को वाणिज्यकर विभाग, बिहार पटना में निबंधित होना चाहिए। साथ ही आयकर विभाग का PAN Card धारक होना चाहिए।
2. तकनीकी एवं दर बीड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में समर्पित करनी होगी।

   (a) तकनीकी बीड (लिफाफा संख्या–I) में निम्न कागजात समर्पित करना आनिवार्य है:–

   (क) GST निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।

   (ख) PAN Card की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।

   (ग) वाणिज्य कर विभाग में निबंधन की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।

   (b) दर बीड (लिफाफा संख्या-II) मुहरबंद लिफाफे में सिर्फ छायाप्रति कलर फोटोकॉपी एवं स्पाईरल बाईडिंग का दर (सभी कर सहित) कार्य विवरण में अंकित प्रपत्र में अंकित करना होगा। राज्य सरकार द्वारा लागू GST अलग से देय होगा।
3. कोटेशनदाता द्वारा समर्पित किये जाने वाले सभी कागजात पर हस्ताक्षर अंकित करना अनिवार्य होगा।
4. कम्पनी/फर्म/एजेन्सी द्वारा कार्य हेतु प्राधिकृत व्यक्ति का नाम/मोबाईल संख्या, ईमेल आई0डी0 उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर विभाग को सूचित करने की जवाबदेही चयनित फर्म की होगी।
5. दोनों लिफाफा-I एवं II को मुहरबंद करने के पश्चात् उन्हें एक अलग बड़ा लिफाफा में बंद कर मुहरबंद करते हुए संयुक्त सचिव (प्र0 को0), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना विश्वेश्वरैया भवन, पटना–15 के पते पर निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट/अथवा कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक उपलब्ध कराना होगा। अन्य किसी भी प्रकार से भेजे जाने वाले लिफाफे को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
6. मुख्य लिफाफा के ऊपर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के व्यवहारार्थ अभिलेखों/कागजातों की छायाप्रति, कलर फोटोकॉपी एवं स्पाईरल बाईडिंग हेतु "दर एवं अनुबंध के लिए आमंत्रण हेतु कोटेशन" अंकित करना होगा।
7. प्राप्त कोटेशनों का तकनीकी बीड उसी दिन यानि दिनांक–06.01.2026 को 03:30 बजे अपराहन में मुख्य अभियंता (उ0बि0) के कार्यालय कक्ष में विभागीय क्रय समिति एवं कोटेशन दाता/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा।
8. उन्हीं कोटेशन दाताओं का वित्तीय दर बीड खोली जाएगी जो तकनीकी बीड में सफल होंगे।
9. कोटेशन के साथ अग्रधन की राशि के रूप में **₹20,000/–** (बीस हजार) रूपये एन0एस0सी0/टर्म डिपोजिट/किसान विकास पत्र/पोस्ट ऑफिस टाइम डिपोजिट/शिडयूल बैंक का डिमान्ड ड्रॉफ्ट सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के नाम से प्लेज कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।

10. असफल कोटेशन दाता को उनकी अग्रधन की राशि एकरारनामा सम्पादन के पश्चात् लौटा दी जाएगी। सफल कोटेशन दाता की अग्रधन की राशि जमानत की राशि जमा करने के उपरान्त लौटाई जा सकेगी।
11. क्रय समिति द्वारा अनुमोदित सामग्रियों की दर एवं अनुबंध की वैधता एकरारनामा तिथि से दो वर्ष की होगी। विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार अनुबंध वैधता की अवधि बढ़ाई जा सकेगी, परन्तु अवधि नहीं बढ़ाने की स्थिति में फर्म का किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
12. अनुबंधित एजेन्सी को कार्य दिवस के अतिरिक्त कार्यो के निष्पादानार्थ समय–समय पर कार्यालय खुला रहने पर उन्हें कार्यालय में उपस्थित रह कर कार्य करना अनिवार्य होगा।
13. कोटेशन प्राप्ति की तिथि के पूर्व कोटेशनदाता द्वारा किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर अनुबंध की शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
14. अनुबंधित आदेश के विरूद्ध चयनित एजेन्सी का कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर अनुबंध की समाप्ति तिथि के पूर्व भी अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा तथा जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. चयनित एजेन्सी को फोटो कोपीयर एवं स्पाईरल बाईडिंग मशीन (मानव बल सहित) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना में अधिष्ठापित करना होगा। विभाग में स्थान एवं बिजली के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा।
16. कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार विभाग को सुरक्षित रहेगा।
17. सफल कोटेशनदाता के साथ किसी बिन्दु पर विवाद की स्थिति में निपटारे का न्यायिक क्षेत्र पटना होगा।
18. प्राप्त कोटेशन के आधार पर, प्राप्त न्यूनतम दर पर, दर वार्ता के पश्चात् एजेन्सी का चयन किया जाएगा।
19. कार्य का विवरण निम्नवत है:–

<u>TO BE KEPT IN RATE BID</u>

| Sr. No. | PARTICULARS | Unit | Rate (Inclusive of all taxes except GST) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In Figure | In Words |
| 1 | Providing automatic high speed photo copiers-cum-scanner machine with operator to perform the job of photo copies of official papers including the cost of papers. Spare Parts and Maintenance of the Machine etc. all complete job excluding the cost of electrical energy and space providing for doing work in the office of P.H.E.D., Head Quarter, Viswesaraiya Bhawan, Baily Road, Patna.<br>(i) A4 size (75/70 gsm)<br>(ii) A3 size(75/70 gsm)<br>(iii) Legal size<br>(iv) A4 size Color Printing<br>(v) Spiral binding (Providing all materials with plastic covers). | Per Page | | |

(नोटः– न्यूनतम दर के आधार पर एजेन्सी का चयन किया जायेगा।)

(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

survanand quatation

**बिहार सरकार**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना–800015, फोन न0–2545740

***कोटेशन आमंत्रण सूचना***

संख्या– 882 दिनांक– 16/12/25

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना कार्यालय के व्यवहारार्थ अनुबंध पर फोटो कॉपीयर रंगीन छायाप्रति/स्पाईरल बाईंडिग संबंधी कार्य के दर निर्धारण हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन से संबंधित शर्तें एवं बन्धेज तथा विस्तृत विवरणी http://phed.bih.nic.in पर निविदा सूचना में देखा जा सकता है।

इस कोटेशन में किसी भी संयोजन/संशोधन/सूचना को केवल इस वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

इच्छुक फर्मो द्वारा दिनांक–06.01.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक कोटेशन ऊपर लिखे पते पर प्राप्त की जाएगी। तत्पश्चात् उसी दिन अपराह्न 03:30 बजे कोटेशन खोली जाएगी।

निर्धारित समय के बाद प्राप्त कोटेशन स्वीकार नहीं की जाएगी।

16/12/2025

संयुक्त सचिव (प्र0को0)

Js(mc)/Quotation